# University in News on 02 September 2021

## JAGRAN CITY PAGE I

### एडमिट कार्ड जारी

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने छह सितंबर से शुरू होने वाली स्नातकोत्तर (पीजी) प्रवेश परीक्षाओं के एडमिट कार्ड बुधवार शाम को जारी कर दिए। समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि प्रवेशपत्र और परीक्षा कार्यक्रम वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षाएं छह से 13 सितंबर तक संचालित होंगी। इसका समय सुबह 11 से 12.30 बजे और दोपहर में तीन से शाम 4.30 बजे तक होगा। (जासं)

### परिणाम घोषित

लखनऊ : लवि ने स्नातकोत्तर के कई विषयों के परीक्षा परिणाम जारी कर दिए। इनमें एमएसडब्ल्यू चौथा सेमेस्टर, एमएचए चौथा सेमेस्टर, एमएससी न्यूट्रिशन चौथा सेमेस्टर, एमएससी माइक्रोबायोलाजी चौथा सेमेस्टर, एमएससी एनवायरमेंटल साइंस चौथा सेमेस्टर, एमएससी बाटनी चौथा सेमेस्टर, एमए पालिटिकल साइंस प्रथम सेमेस्टर (बैक पेपर), एमए पालिटिकल साइंस प्रथम सेमेस्टर (सीबीसीएस) शामिल हैं। (जासं)

### लवि विद्यार्थी करेंगे अयोध्या पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम

जासं, लखनऊ : अब लखनऊ विश्वविद्यालय के विद्यार्थी भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या की संस्कृति और सभ्यता से लोगों को रूबरू कराएंगे। इसके लिए जल्द ही अयोध्या कल्चरल इवेंट की योजना बनाई गई है, जिसके माध्यम से अयोध्या में बन रहे श्रीराम मंदिर की भव्यता, हिंदू-मुस्लिम एकता, सीता रसोई सहित तमाम चीजें स्कैच के जरिए दिखाई जाएंगी।

यही नहीं, इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताएं भी होंगी जो कि अयोध्या की संस्कृति पर आधारित होंगी। छात्र-छात्राओं की टीम ने कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय से इस कार्यक्रम की अनुमति मांगी है। वहीं, ट्विटर के माध्यम से कुलपति ने जल्द मिलने की बात भी कही है। विश्वविद्यालय के एमएससी फिजिक्स के छात्र आयुष शुक्ला बताते हैं कि अयोध्या की संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम की योजना बनाई है। आयोजन के लिए 62 कोर सदस्य और विश्वविद्यालय के 247 छात्र-छात्राएं बतौर सदस्य इसमें शामिल हो चुके हैं।

## i-NEXT PAGE 6

### एलयू में अयोध्या पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा शुरू

LUCKNOW(1 Sept): अब लखनऊ विश्वविद्यालय के विद्यार्थी भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या की संस्कृति और सभ्यता से लोगों को रूबरू कराएंगे. इसके लिए जल्द ही अयोध्या कल्चरल इवेंट की योजना बनाई गई है, जिसके माध्यम से अयोध्या में बन रहे श्रीराम मंदिर की भव्यता, हिंदू-मुस्लिम एकता, सीता रसोई सहित तमाम चीजें स्कैच के जरिए दिखाई जाएंगी. यही नहीं, इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताएं भी होंगी जो कि अयोध्या की संस्कृति पर आधारित होंगी. छात्र-छात्राओं की टीम ने कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय से इस कार्यक्रम की अनुमति मांगी है. वहीं, ट्विटर के माध्यम से कुलपति ने जल्द मिलने की बात भी कही है.

#### होंगी कई प्रतियोगिताएं

इस सांस्कृतिक कार्यक्रम की थीम अयोध्या पर आधारित होगी. इसमें स्कैच, नृत्य, भजन गायन, नाटक, लेखन सहित कई प्रतियोगिताएं होंगी. कार्यक्रम के माध्यम से वहां की हिंदू-मुस्लिम एकता को भी दिखाएंगे. आयुष बताते हैं कि अयोध्या से जुड़ी कई प्रमुख चीजें इस इवेंट के माध्यम लोग देख सकेंगे.

वर्तमान में अयोध्या में भव्य तरीके से श्रीराम मंदिर का निर्माण कराया जा रहा है. लखनऊ विश्वविद्यालय के एमएससी फिजिक्स के छात्र आयुष शुक्ला बताते हैं कि अयोध्या की संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम की योजना बनाई है.

## HINDUSTAN PAGE 6

### पीएचडी प्रवेश परीक्षा के नतीजे अगले सप्ताह

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में बीते 29 अगस्त को हुई पीएचडी प्रवेश परीक्षा के नतीजे अगले सप्ताह घोषित कर दिए जाएंगे। प्रवेश समन्वयक डॉ. वीके शर्मा ने बताया कि चूंकि पीएचडी की प्रवेश प्रक्रिया पहले ही काफी पीछे चल रही है इसलिए पहले पीएचडी प्रवेश परीक्षा के नतीजे घोषित होंगे और उसके बाद स्नातक के नतीजे जारी किए जाएंगे। वहीं पीजी की प्रवेश परीक्षाएं 6 सितंबर से शुरू होनी हैं जिसके प्रवेश पत्र बुधवार को जारी कर दिए गए।